# कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खण्डवा

E-mail -- eewrdkhandwa@yahoo.com Ph. No. : 0733-2223112

पत्र क्रमांक/3993/कार्य–1/भाम वन प्रकरण　　　　खण्डवा दिनांक 7/12/2017

प्रति

वन संरक्षक
वन मंडल सामान्य
खंडवा

विषयः– भाम मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित 148.75 हेक्ट. वन भूमि हेतु वन अधिनियम 1980 के अंतर्गत उपयोग हेतु वन प्रस्ताव की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव क्रमांक. FP/MP/IRRIG/28814/2017

संदर्भः– आपका पत्र क्र./मा0चि0/आनलाईन/2017/6142 दि. 23.11.17

–––000–––

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि भाम मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित 148.75 हेक्ट. वन भूमि हेतु वन अधिनियम 1980 के अंतर्गत उपयोग हेतु वन प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु उठाये गये बिन्दुवार निराकरण निम्नानुसार है।

**बिन्दु क्रं. 1 :–** वन एवं राजस्व वन भूमि के स्पष्ट सीमांकन के उपरांत के.एम.एल. फाईल तैयार की गई है। आपके द्वारा दिनांक 02.12.17 को संयुक्त निरीक्षण किया गया।

**बिन्दु क्रं. 2 :–** प्रभावित वन भूमि 148.75 का कक्षवार विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्रं. | कक्ष का नाम वन भूमि | कक्ष क्रं. | वन भूमि/राजस्व वन भूमि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरमेश्वर | 764 | 79.90 हेक्ट. | |
| 2 | सीताबेडी (हडियाखेडी) | 760 | 21.10 हेक्ट. | |
| राजस्व वन भूमि | | | | |
| 1 | राजगढ़ | – | 33.17 हेक्ट. | |
| 2 | सेमलिय | – | 06.81 हेक्ट. | |
| 3 | बरार | – | 07.77 हेक्ट. | |
| | कुल :– | | 148.75 हेक्ट. | |

Des

**बिन्दु क्रं. 3** :– वन एवं राजस्व वन भूमि का आपके द्वारा दिनांक 02.12.17 को संयुक्त निरीक्षण किया गया।

**बिन्दु क्रं. 4** :– प्रस्तावित योजना की इमेज (50 KB से कम) जेपीईजी फाईल एवं प्रस्तावित वैकल्पिक वृक्षारोपण की इ मेज साफ्ट कापी में सी.डी. में संलग्न एवं हार्ड कापी संलग्न प्रेषित।

**बिन्दु क्रं. 5** :– प्रस्तावित योजना में राजस्व वन भूमि छोटे बड़े झाड़ जंगल मद की प्रभावित भूमि का तहसीलदार खंडवा का प्रतिवेदन ग्रामवार खसरेवार रकबे सहित प्रस्तुत है।

**बिन्दु क्रं. 6** :– वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई गई ग्राम सुरगॉव निपान की 148.75 हेक्ट. राजस्व भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी, सुक्ता शीर्ष कार्य क्रं.6 बोरगांव द्वारा उनके पत्र क्रं. 678/कार्य/बोरगांव दिनांक 28.11.17 से तहसीलदार खंडवा को लेख किया गया है पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

**बिन्दु क्रं. 7** :– वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई जा रही ग्राम सुरगॉव निपानी की राजस्व भूमि 148.75 हेक्ट. का एक्जाई पटवारी मानचित्र एवं खसरा प्रति की छायाप्रति संलग्न है।

**बिन्दु क्रं. 8** :– प्रकरण में पंजीयन राशि 1000/– एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 15000/– इस प्रकार कुल 16000/– का बैक डाफ्ट संलग्न है।

(एस.एम.चतुर्वेदी)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग, खण्डवा